आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में बारह हजार नौ सौ नौ करोड़ तिरानबे लाख रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। यह बजट मूल बजट का एक दशमलव छह छह प्रतिशत है। अनुपूरक बजट में तीन सौ उन्नीस दशमलव नौ पांच करोड़ रुपये नई योजनाओं पर खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है। बाकी धनराशि पुरानी योजनाओं पर खर्च की जाएगी। विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा कि उनकी सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिका और पंचायत सहायक के लिए नियत मानदेय के साथ ही नियत पैकेज की भी व्यवस्था की है। सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायकों ने कानून व्यवस्था और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गैंगेस्टर एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया और कहा कि फर्जी चालान करने वालों पर भी सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए।

****

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज पेरिस ओलम्पिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेन्ट में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीत लिया है। सोलह दस के अंतर से जीत कर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले भी मनु भाकर ने ही एकल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए भारत के लिए इस ओलम्पिक स्पर्धा से पहला पदक प्राप्त किया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों खिलाड़ियों को जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

****

वाराणसी जिले में गंगा नदी के जल स्तर में तेजी से हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस और प्रशासन के द्वारा लोगों को बार बार गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। जल स्तर में बढ़ोत्तरी होने से चौरासी घाटों का आपसी सम्पर्क टूट गया है। इसकी वजह से मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह का स्थान भी बदल गया है। घाट के किनारे स्थित कुछ मंदिरों में गंगा का पानी जाने के कारण वहां के पुजारियों और नदी किनारे रहने वाले लोगों के बीच भी चिंता बढ़ गयी है। गंगा नदी के बढ़े जलस्तर को देखते हुए वहां के विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती का स्थान भी बदल दिया गया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में हमने साढ़े छह लाख सरकारी भर्ती की। इसमें साठ प्रतिशत ओबीसी समाज की भर्ती की है। उनहत्तर हजार शिक्षकों की भर्ती में हमने इसको लागू किया। विपक्षी गठबंधन के पिछड़ा समर्थक होने के दावे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में छियासी एसडीएम की नियुक्ति हुई। छियासी में से 56 सिर्फ एक ही जाति से थे।

****

पिछले चौबीस घंटे के भीतर हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि ग्यारह लोग घायल हो गये। मिर्जापुर जा रही एक पिक अप गाड़ी अयोध्या के कोतवाली रुदौली क्षेत्र में लखनऊ गोरखपुर हाईवे पर रौजा गांव के पास आज भोर में डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इसमें सवार दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक मजदूर घायल हो गये। वहीं, पीलीभीत जिले से हरिद्वार में कावड़ लेकर जा रहे दो मोटर साईकिल सवार कांवड़ियों की बिजनौर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में कल शाम मौत हो गई। घायल हुए एक अन्य कावड़िये को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र में आवारा पशु से कावड़ियों की मोटर साईकिल टकरा गई।

****

भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल के पूर्वी परिमण्डल के मुख्य महाप्रबंधक महेश चन्द्र सिंह ने कल वाराणसी में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं को बीएसएनएल की नई उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल सेवा की आम जनता के बीच आज भी काफी मांग है। उन्होंने बताया कि जुलाई में पचपन हजार बीएसएनएल सिम उपभोक्ताओं द्वारा लिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वाराणसी शहर में दो सौ बीटीएस लगाकर फोर–जी सेवा उपलब्ध करा दी जायेगी। भदोही, चन्दौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर में भी फोर–जी सेवाओं की शुरूआत की गयी है।

****

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विचारों और नवाचारों को आमंत्रित करने के लिए आईआईटी, दिल्ली में आइडियाज फॉर लाइफ की शुरूआत की है। इस संबंध में उन्होंने देश भर के छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों और अन्वेषकों से ऐसे नये और लीक से हटकर विचारों को सामने लाने का आह्वान किया है, जो संसाधनों के विचारशील उपयोग के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि लोग आइडियाज फॉर लाइफ डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपने विचार भेज सकते हैं।

****